**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 28.09.2024**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– केंद्रीय मंत्री सी.आर. पाटिल और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजनांदगांव जिले के अमलीडीह में संचालित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का किया निरीक्षण–ग्राम बरगा में आयोजित ''स्वच्छता ही सेवा'' कार्यक्रम में भी हुए शामिल।

2– एनआईए की टीम ने कांकेर जिले में चार अलग–अलग स्थानों पर छापे मारे।

3– तितलियों के संरक्षण और संवर्धन के लिए कबीरधाम जिले के भोरमदेव अभ्यारण्य में चल रहा है तितली सम्मेलन।

4– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

**केंद्रीय मंत्री–राजनांदगांव**

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज राजनांदगांव जिले के अमलीडीह गांव स्थित ग्रामीण औद्योगिक पार्क में संचालित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्लास्टिक कचरे की रिसाइक्लिंग कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महिला समूहों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री पाटिल ने कहा कि महिला समूह ने प्लास्टिक कचरा को रिसाइक्लिंग करने का जो बीड़ा उठाया है, यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कारगर साबित होगा। इससे पहले, केंद्रीय मंत्री श्री पाटिल और मुख्यमंत्री श्री साय राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बरगा में आयोजित ''स्वच्छता ही सेवा'' कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने परकुलेशन टैंक साईट, स्वच्छता लक्षित इकाई और जिला प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण करने के साथ ही पौधारोपण भी किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री ने बत्तीस करोड़ रूपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया।

**स्वच्छता ही सेवा**

''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान के तहत प्रदेश में इन दिनों स्वच्छता संबंधी अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस बीच, दुर्ग जिले के रहने वाले जाने–माने पंथी लोक नर्तक और पद्मश्री राधेश्याम बारले ने लोगों से स्वच्छता ही सेवा अभियान से जुड़कर आसपास की सफाई करने की अपील की है। वहीं, बिलासपुर में स्वच्छता स्वभाव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू और बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी–कर्मचारी शामिल हुए। इस मौके पर श्री साहू ने कहा कि इस वर्ष की थीम 'स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता' से प्रेरणा लेकर हम सभी को स्वच्छता के इस अभियान में भागीदारी निभानी चाहिए। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शासकीय विज्ञान महाविद्यालय मुंगेली में राष्ट्रीय सेवा योजना–एनएसएस के विद्यार्थियों ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान महाविद्यालय में स्वच्छता से संबंधित निबंध, और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की शपथ दिलाई गई। वहीं, सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले की नगर पंचायत बरमकेला में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर और स्वच्छता अभियान के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ में बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए।

**एनआईए–छापा**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए की टीम ने कांकेर जिले के मुजालगोंडी, कलमुचे, आमाबेड़ा और जिवलामारी गांव में चार अलग–अलग स्थानों पर छापे की कार्रवाई की है। टीम ने माओवादियों से कथित संबंधों की जांच को लेकर एक स्थानीय पत्रकार के निवास पर भी छापा मारा। छापे की कार्रवाई का फिलहाल विस्तृत ब्यौरा नहीं मिल पाया है। गौरतलब है कि बीते दिनों प्रदेश में एक भाजपा नेता की हत्या की जांच के दौरान एनआईए ने प्रदेश के कई स्थानों पर छापा मारा था। इस दौरान कांकेर जिले के एक दर्जन से अधिक गांवों में दबिश देकर दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया था। आरोपियों के पास से कई आपत्तिजनक दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और नगद राशि बरामद की गई थी।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। मन की बात कार्यक्रम की यह एक सौ चौदहवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी सीधे प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में इसे प्रसारित करेगा।

## सक्ती–फर्जी बैंक शाखा

सक्ती जिले के ग्राम छपोरा में भारतीय स्टेट बैंक की फर्जी शाखा खोलकर लगभग छह लोगों को नौकरी देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने पर स्टेट बैंक के क्षेत्रीय अधिकारी जब निरीक्षण के लिए पहुंचे, तब इसका खुलासा हुआ। इसके बाद बैंक की फर्जी शाखा की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस के मुताबिक इस मामले में तीन आरोपियों के नाम सामने आए हैं, जिनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## शेखर चंदेल–शव बरामद

जांजगीर–चांपा स्काउट गाइड के जिला मुख्य आयुक्त और भाजपा नेता शेखर चंदेल का शव जांजगीर रेलवे स्टेशन के पास से बरामद किया गया है। वे, पूर्व नेता प्रतिपक्ष और भाजपा नेता नारायण चंदेल के भाई हैं। आशंका जताई जा रही है कि शेखर चंदेल ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या की है। फिलहाल मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सरपंच–निलंबित

जशपुर जिले की पत्थलगांव जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत छातासराई की सरपंच सावित्री नाग को निलंबित कर दिया गया है। पत्थलगांव एसडीएम ने वित्तीय अनियमितता के आरोप में यह कार्रवाई की है। वहीं, इस मामले में पंचायत सचिव नीलाम्बर यादव के विरूद्ध निलंबन और गबन राशि वसूली की कार्रवाई की गई है। जिला पंचायत के सीईओ को पत्र प्रेषित करने का आदेश पारित किया गया है। वहीं, बलरामपुर जिले में ग्राम पंचायत पोड़ीखुर्द के सरपंच खीस्त मसीह भेंगरा उर्फ कुंवर भेंगरा को वित्तीय अनियमितता के मामले में अनुविभागीय अधिकारी ने उन्हें पद से हटाने का आदेश पारित किया है।

## कवर्धा–हमला

कबीरधाम जिले के चारभाठा पुलिस चौकी अंतर्गत बिरनपुर खुर्द गांव में एक व्यक्ति ने चार लोगों पर धारदार वस्तु से हमला कर दिया। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, घायल तीन अन्य लोगों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने आज रायपुर–जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रदर्शन किया और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई तथा पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की।

## भोरमदेव–तितली सम्मेलन

कबीरधाम जिले के भोरमदेव अभ्यारण्य में तितलियों के संरक्षण और संवर्धन के लिए तीन दिवसीय तितली सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सांसद संतोष पांडेय ने कल कवर्धा में इस सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस मौके पर वनमंडलाधिकारी शशि कुमार ने बताया कि भोरमदेव अभ्यारण्य क्षेत्र के चिन्हांकित गांवों में तितलियों का सर्वे किया जाएगा।

## राष्ट्रीय पोषण माह

राष्ट्रीय पोषण माह के तहत इन दिनों प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों में विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। प्रदेश में अब तक पंचानवे लाख छत्तीस हजार से अधिक गतिविधियों का आयोजन किया जा चुका है।

इस बीच, सूचना और प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर द्वारा बस्तर जिले के विकासखंड तोकापाल के ग्राम सिंघनपुर में आज राष्ट्रीय पोषण माह पर विशेष प्रचार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य सुभाष बघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी–कर्मचारी और ग्रामीण शामिल हुए। इस अवसर पर पोषण आहार के महत्व के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम और पोषण माह पर नाटक का मंचन किया गया। इस दौरान रैली भी निकाली गई। इसके बाद स्वास्थ्य शिविर

लगाकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई और उन्हें निःशुल्क दवाइयों का वितरित किया गया। इसके अलावा कुर्सी दौड़, रंगोली, चित्रकला, प्रश्नमंच और मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

## हल्बी / गोण्डी–समाचार बुलेटिन

श्रोताओं, कल रविवार को **''हल्बी'' और ''गोण्डी''** बोली में समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाएंगे। ये दोनों बुलेटिन आकाशवाणी केन्द्र, जगदलपुर से प्रसारित किए जाएंगे। इन्हें बस्तर संभाग में सुना जा सकेगा। हल्बी में समाचार बुलेटिन सुबह साढ़े सात बजे से और गोण्डी में समाचार बुलेटिन शाम साढ़े छह बजे से प्रसारित किया जाएगा।

## जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में **''मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी''** जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## मौसम

प्रदेश में आगामी चौबीस घंटों के दौरान अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। इस बीच, जशपुर जिले में बीते दो–तीन दिनों से रूक–रूककर हो रही भारी बारिश से सामान्य जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। कई नदी–नाले उफान पर है। वहीं, सन्ना, बगीचा और कलिया गायलूंगा में पुल–पुलियों के क्षतिग्रस्त हो जाने से इस मार्ग पर आवागमन बाधित हुआ है। ईब और शान नदी का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ में बाबुसाजबहार और कुछ अन्य गांवों के ग्रामीण फंस गए थे, जिन्हें प्रशासन की मदद से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। नदी में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

– अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर एक अक्टूबर को कोंडागांव के ऑडिटोरियम में वरिष्ठ नागरिकों के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जाएगा।

– कोरबा जिले के गोढ़ी जंगल में जंगली जानवरों का शिकार करने के लिए लगाए गए करंट की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है।

– कोरिया जिले के डुमरिया गांव में पुलिस ने नशीली दवाओं और इंजेक्शन के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>